# पिछड़े समाज के बच्चे परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी करेंगे

पटना। पिछड़ा एवं अति पिछड़ा समाज के 9 से 12वीं कक्षा के बच्चे अब नीट एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं को तैयारी निःशुल्क रूप से कर सकेंगे। शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान के सभागार आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक और कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता विभाग की विभागीय मंत्री रमा निषाद ने की। इस मौके पर विभाग ने आईआईटी कानपुर के साथ 'साथी' कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु समझौता पत्र हस्ताक्षर किए।